तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 25 जून 2025

12 आपातकाल के 50 वर्ष पूरे, भाजपा ने प्रेस-कांफ्रेंस कर कांग्रेस पर ...



11 बालोद में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव संपन्न..





छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

# दल्लीराजहरा में खुलेआम बिक रहा जहर, मासूमों तक पहुंच रहा नशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा और आसपास के क्षेत्र में नशे का जाल दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या पर चुप्पी साधे बैठे हैं। दल्लीराजहरा के विभिन्न पान ठेलों और किराना दुकानों में खुलेआम बिक रहा तंबाकू युक्त पान मसाला, सिगरेट और गुटखा अब बच्चों और किशोरों की पहुंच में है। शहर की गलियों में लटकते ये पाउच अब नशे के सिंबल बन गए हैं। सिर्फ यही नहीं, कुछ मेडिकल स्टोर्स में बिना पर्ची के प्रतिबंधित दवाइयां भी आसानी से बेची जा रही हैं, जो युवाओं को बर्बादी की राह पर ले जा रही हैं।

## मासूमों की ज़िंदगी से खिलवाड़, प्रशासनिक चुप्पी चिंताजनक

### अब सवाल नहीं, कार्रवाई चाहिए

दल्लीराजहरा की जनता अब सवाल नहीं, कड़ी और सख्त कार्रवाई की मांग कर रही है। पान ठेलों और दुकानों की सघन जांच हो, प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री पर तुरंत रोक लगे। स्कूल-कॉलेज के आसपास के क्षेत्रों को 'नशा मुक्त जोन' घोषित किया जाए, नशे के खिलाफ सार्वजनिक अभियान और जन-जागरूकता शुरू हो।.



**अब भी समय है, वरना दल्लीराजहरा बन जाएगा नशे का नया गढ़ः** अगर अब भी प्रशासन नहीं चेता, तो आने वाली पीढ़ी एक बर्बाद समाज की विरासत लेकर आगे बढ़ेगी। शासन को चाहिए कि अब सिर्फ कार्रवाई की फाइल नहीं, धरातल पर असर दिखे।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि

नगर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर चित्रा वर्मा कहती हैं की लगातार नशा पान को लेकर कार्रवाई चल रही है। कड़ी कार्रवाई की जा रही है समय-समय पर जांच किया जाता है और शिविर के माध्यम से आम लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है कि नशापन से दूर रहें, उसके बावजूद अगर कोई शिकायत है तो सीधे वह संबंधित थाने में पहुंचकर शिकायत कर सकते है।

### बचपन में ही लग रही नशे की लत

स्कूल यूनिफॉर्म पहने बच्चे पान ठेलों पर कतार में खड़े दिखना अब आम बात हो गई है। 12 से 16 वर्ष की उम्र के बच्चे नशे का शिकार बन रहे हैं। यह सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और भविष्य दोनों को बर्बाद कर रहा है।

**बढ़ते अपराध और टूटते परिवारः** दल्लीराजहरा में नशे की बढ़ती पहुंच का सीधा असर परिवारों की शांति और सामाजिक वातावरण पर पड़ रहा है। घरों में कलह, बच्चों की पढ़ाई छूटना, बेरोजगारी, चोरी, झगड़े और आत्मघाती प्रवृत्तियाँ यह सब इसी नशे की देन है। अपराध का ग्राफ तेजी से ऊपर जा रहा है। लेकिन इसके पीछे छुपा असली कारण नशा है, जिस पर बात करने से जिम्मेदार लोग बचते हैं।

## खबर संक्षेप

### खेत के रास्ते को लेकर विवाद, ट्रैक्टर सवार महिला से मारपीट

**बालोद**। खेत काम के लिए दूसरे के खेत से अपने बेटे के साथ खेत तक ट्रैक्टर ले जाने पर खेत मालिक भड़क गया और ट्रैक्टर चालक व उसमे बैठी महिला के साथ गाली गलौज व मारपीट की। जिसके बाद उक्त खेत मालिक के खिलाफ ट्रैक्टर सवार महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार ग्राम खुर्सीपार निवासी प्रार्थी महिला ने बताया कि बेटे के साथ ट्रैक्टर मे खेत जा रहे थे। इस दौरान खिलेश ठाकुर बार बार मना करने के बावजूद हमारे खेत के तरफ से ट्रैक्टर क्यो ले जाते हो कहकर विवाद करने लगा। जिसके बाद वह हाथ मुक्का से मारपीट की। बेटा जब बीच बचाव करने पहुंचा तो हंसिया से मारने का प्रयास किया। इसके पहले भी ट्रैक्टर को खेत से गुजारने की बात को लेकर दो बार विवाद कर चुका है। बालोद थाने मे खिलेश के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### आईटीआई कोपा में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 25 जून को

**बालोद**। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा में एक वर्षीय कोपा व्यवसाय में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन की अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर के प्राचार्य ने बताया कि इस संस्था में संचालित में एक वर्षीय कोपा व्यवसाय सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु वेबसाइट पर 25 जून तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

### वनरक्षक के पदों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा की तारीख घोषित

**दल्लीराजहरा/बालोद**। वन मण्डलाधिकारी दिपेश कपिल ने बताया कि बालोद वनमंडल के अंतर्गत वनरक्षक भर्ती परीक्षा के अंतर्गत डिजीटल टेक्नोलॉजी सिस्टम के माध्यम से पुनः लम्बी कूद का आयोजन 12 जुलाई से 15 जुलाई तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वनरक्षक के बालोद वनमंडल से 13 एवं दुर्ग वनमंडल से 07 सहित कुल 20 रिक्त पदों की सीधी भर्ती हेतु अभ्यर्थियों का मैनुअली (लम्बी कूद) शारीरिक दक्षता परीक्षण डिजीटल टेक्नोलॉजी सिस्टम के माध्यम से पुनः 12 जुलाई से 15 जुलाई के मध्य होना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन काष्ठागार डिपो वन परिसर दल्ली रोड बालोद में किया जाएगा।

### मजदूर महिला को हाइड्रा क्रेन ने ठोका, मौत

**भिलाई**। मजदूर महिला कंपनी के लिए पानी लेकर वापस लौट रही थी। इस दौरान हाइड्रा चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए महिला को जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। अस्पताल पहुंचने पर महिला को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस चालक के खिलाफ अपराध कायम किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड 33 संतोषी पारा केम्प 2 निवासी जय प्रकाश देवांगन ने शिकायत किया है कि मां ठगिया बाई देवांगन गोपाल इन्डस्ट्रीज फौजी नगर में मजदूरी काम करती है। काम कर कंपनी से पानी लेने बाहर निकली थी। पानी लेकर वापस कंपनी जा रही थी। तभी फौजी नगर चौक में एक हाईड्रा क्रेन बिना नंबर के चालक ने चपेट में लिया।

## मौसम : बारिश की बाट जोहते किसान, अब दिखे प्रसन्न

# बालोद में देर रात से हुई बारिश ने दी राहत किसानों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले मे रविवार देर रात से प्रारंभ हुए तेज बारिश न सिर्फ किसानो के लिए बल्कि जिलवासियो के लिए राहत लेकर आई। पिछले कई दिनो से बारिश की बाट जोह रहे जिलेवासियो के चेहरे मे देर रात से लेकर सोमवार दोपहर तक हुई बारिश ने खुशियां बिखेर दी। आषाढ़ का महिना लगभग आधा गुजर जाने के बाद भी घने बादलो के बीच वर्शा न होने से यह जिले मे चिंता का कारण बनता जा रहा था। किसानो के साथ आम जनता मे बारिश को लेकर आम चर्चा बनी हई थी अगर कुछ दिन और बारिश नही हुई तो बारिश की आस मे फसल लगा चुके किसानो के साथ अन्य लोगों को भी दिक्कतो का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन रविवार देर रात तेज आंधी तुफान के साथ चालू हुई बारिश थोड़ी थोड़ी देर मे सोमवार को दोपहर तक होती रही, जिससे जिले के लोगो मे बारिश की बूंदे मानो खुशियां बिखेर दी हो।

■ जलाशयों में पानी की कमी, आगे भी जरूरी है निरंतर बारिश

### कृषि विभाग और जल संसाधन विभाग की सतर्कता जरूरी





### बारिश न होने से बढ़ रही थी चिंता

जिले के किसानो खेत की जुताई कर खेतो मे धान का छिड़काव कर चुके थे, लेकिन 15–20 दिनो के बीच किसानो द्वारा लगाए गए धान के फसल को घने बादलो के बीच बारिश की बूंदे नसीब नही हो रही थी, जिसके कारण खेतो मे किसानो द्वारा छिड़के गए धान को चिड़िया या चूंहे अपना निवाला बना रहे थे, लेकिन अब जिले मे रविवार देर रात से सोमवार दोपहर तक हुई बारिश ने किसानो के चेहरे मे खुशिया बिखेर दी है।

### अब किसान होंगे सक्रिय

वहीं बारिश न होने के कारण खेती किसानी का काम रूक सा गया था और किसान खेतो की मताई जुताई पानी न होने के कारण लगभग नही कर पा रहे थे, लेकिन अब बारिश होने के बाद किसान सक्रिय रूप से खेती किसानी के काम मे लगेगे। वहीं जिले के जलाशयों में वर्तमान में ही जलसंकट की स्थिति दिख रही है, ऐसे मे बारिश नही होने की स्थिति मे जिले के जलाशयों में आगामी दिनों में और भी विकट स्थिति पैदा हो सकती है।

# बंटवारे की जमीन पर धान बुआई को लेकर दो भाइयों में भिड़ंत, एक ही परिवार के 10 लोगों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बंटवारे में मिले खेत मे धान बोआई को लेकर दो भाईयो व पिता के मध्य विवाद व मारपीट की नौबत आ गई, जिसमे एक भाई ने अपने दूसरे भाई के खिलाफ व पिता ने अपने दोनो बेटे व बहुओ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जहां एक ही परिवार के 10 लोगो के खिलाफ जमीन विवाद के चलते पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

■ पड़कीभाट खेत में धान बुआई के दौरान मारपीट, पत्थर और फावड़ा चलने का आरोप

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हीरापुर निवासी हेमंत कुमार साहू ने बताया कि 22 जून को अपने बंटवारे की खेत मे धान बुआई करने ट्रैक्टर से छोटे भाई कुंजलाल साहू, पत्नी फूलेश्वरी साहू और कुंजलाल की पत्नी ललिता के साथ पोण्डी खार जा रहे थे। आरोप है कि इस दौरान सुबह 10 बजे पड़कीभाट मे पहुंचते ही बड़ा भाई चन्द्रप्रकाश साहू, पत्थर को फेका जिससे फूलेश्वरी को चोट लगी। पत्थर फेंककर बड़ा भाई अपने घर के तरफ भागा। जिसके बाद भी हम बटवारे मे प्राप्त हुए खेत मे धान बुआई करने गए, जहां धान बुआई के बाद दोपहर को पड़कीभाट पहुंचें। बटवारा की 7 डिशमिल जमीन पड़कीभाट मे पिता गंगाराम के नाम पर है। जो मुझे व छोटे भाई कुंजलाल साहू को मिला है। वहां भी धान बुआई करने जा रहे थे आरोप है कि इस दौरान गंगाराम साहू, चन्द्रप्रकाश साहू, होनिल साहू व उमाशंकर साहू, कमलेश बाई, धर्मिन बाई ने हाथ मुक्का, डंडे, रॉड से मारपीट की। जिसके बाद 2 एकड़ 60 डिशमिल जमीन को अपने पास क्यो रखे हो कहकर विवाद करने लगे। हेमंत कुदाली व कुंजलाल फावड़ा पकड़ा था। आराप लगाया गया है कि होनिल को कुंजलाल फावड़ा की बेठ से मारने लगा। दो बेटे व दो बहु ने हाथ मुक्का से मारपीट की। उमाशंकर को हेमंत ने कुदाली की बेठ से मारपीट की। चन्द्रप्रकाश को कुंजलाल व हेमंत ने हाथ मुक्का, लाठी से मारपीट की। दोनो पक्ष की रिपोर्ट पर बालोद थाने मे 10 लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# सड़क पर नशे में धुत पड़ा रहा युवक, प्रशासन खामोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

यह तस्वीर सिर्फ एक व्यक्ति के नशे में बेसुध होकर सड़क पर पड़े होने की नहीं है, यह उस पूरे सिस्टम की नाकामी की तस्वीर है जो दल्लीराजहरा में आम हो चुकी है। शहर के हृदयस्थल गुप्ता चौक हनुमान मंदिर के सामने एक युवक सार्वजनिक रूप से इस हालत में मिला, जिसे देखकर हर गुजरने वाला सहम गया – पर यह दृश्य अब असामान्य नहीं रहा। शहर में पानी के लिए लोग घंटों मशक्कत करते हैं, कतार में खड़े रहते हैं, और बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते हैं।

वहीं दूसरी ओर, शराब—वह भी अवैध—हर गली, हर वार्ड में आसानी से उपलब्ध है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चाहे रात हो या दिन, अवैध शराब माफिया पूरी तरह सक्रिय हैं और पुलिस-प्रशासन सिर्फ "औपचारिक खानापूर्ति" में लगे हैं।



### बाजारों में अव्यवस्था है और प्रशासनिक मशीनरी निष्क्रिय

दल्लीराजहरा शहर में फिल्टर पानी मिलना कठिन हो गया है परन्तु अवैध शराब आसानी से उपलब्ध हो रहा है। यहां अधिकांश वार्ड के निचले बस्तियों में हर तीसरे से चौथे घर में अवैध शराब का विक्रय धड़ल्ले के साथ किया जा रहा है।

कार्रवाई नहीं होने की वजह से अवैध शराब विक्रेताओं के हौसले बुलंद हो गए हैं। एक ओर राज्य शासन दावा करती है कि अवैध शराब की बिक्री नहीं की जाएगी और अवैध शराब विक्रय करने वालों के खिलाफ में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परन्तु दल्ली राजहरा शहर में धड़ल्ले के साथ अवैध शराब का विक्रय किया जा रहा है। छोटे-छोटे पान ठेले और अन्य गुमटियों में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। इसके बाद भी आबकारी अमला अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्द चुप्पी साधे बैठा है। दल्लीराजहरा के स्थानीय नागरिकों ने बार-बार अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है, परंतु कार्रवाई शून्य रही है। यह हालात बताते हैं कि अगर जल्द सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या केवल सामाजिक नहीं, बल्कि मानवीय त्रासदी बन जाएगी।

# प्राथमिक शाला में शराब पीते पकड़े गए प्रधानपाठक, निलंबित

हरिभूमि न्यूज. कुसुमकसा/दल्लीराजहरा

विकासखंड डोंडी की शासकीय प्राथमिक शाला चिपरा में पदस्थ प्रधानपाठक सरजुराम ठाकुर ने इस पवित्र स्थान को शर्मसार कर दिया।

■ कक्षा में शराब का सेवन, भाजपा मंडल अध्यक्ष ने की कड़ी आलोचना





भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा द्वारा की गई शिकायत के अनुसार, प्रधानपाठक शालेय समय में अपने कक्ष में शराब का सेवन करते हुए पाए गए। जिला शिक्षा अधिकारी पी.सी. मरकले ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित कर दिया है।

प्रधानाध्यापक का मुख्य उद्देश्य उनके विद्यालय में शिक्षण और विद्यार्थियों की उपलब्धि उच्च गुणवत्ता वाली हो। विद्यालय के दैनिक संचालन और विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों के लिए सही वातावरण तथा सकारात्मक अनुभव तैयार करने में उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है किंतु वे अपने कर्तव्य से विमुख होकर शिक्षा के मंदिर को ही मधुशाला बना दिए है ऐसा ही आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्राम पंचायत चिपरा में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक द्वारा अपने कछ में शराब का सेवन करते पाए गए।

मामला 24 जून 2025 का है, जब सरजूराम ठाकुर अपने शासकीय कक्ष में बैठकर शराब का सेवन कर रहे थे। उनके इस कृत्य को संज्ञान में लेते हुए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डौण्डी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रधानपाठक का यह आचरण न केवल छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 के उपनियम (1)(2)(3) का उल्लंघन है, बल्कि यह शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र की गरिमा को भी ठेस पहुँचाने वाला गंभीर कदाचरण है।

### मिलेगा जीवन निर्वाह भत्ता

उक्त मामले में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-09(1)(क) के तहत सरजूराम ठाकुर को निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय डौण्डी नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। शिक्षक समाज का निर्माता होता है, और जब वही शिक्षक अनुशासनहीनता और नशे की गिरफ्त में दिखे, तो यह पूरे शिक्षा तंत्र को हिलाने वाला विषय बन जाता है। ऐसे मामलों में त्वरित और कठोर कार्रवाई आवश्यक है, ताकि स्कूल को फिर से ज्ञान का मंदिर और विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण दिया जा सके।

## घुमंतू मवेशियों से फसलों को सुरक्षा की मांग

# किसान संघ की बैठक में किसानों की समस्याओं पर हुई गंभीर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

किसान संघ डोडी द्वारा सोमवार को नगर के शीतला मंदिर प्रांगण में बैठक हुई जिसमें खरीफ फसल की रखरखाव के तहत घुमंतू मवेशियों को ब्यवस्थित रखने तथा किसानों द्वारा चाही गई खाद बीज के विषय पर चर्चा के बाद निकाय और तहसील आफिस में पत्र सौप कर 1 सप्ताह के भीतर समस्या का निदान नही होने पर 30 जून को सम्बंधित कार्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया।

■ खाद और बीज की उपलब्धता को लेकर उठाई गई मांग

किसान संघ डोंडी के पदाधिकारी गेंदलाल मानकर सुखदेव यादव जिरखु मालेकर कि डोडी नगर में धान की बुवाई और रोपा लगाने के लिए कई लोग थरहा डाल चुके हैं आगामी दिनों में खेतों में हरियाली छाएगी जिससे घुमंतू पशु खेतों की ओर रुख करेंगे और हर साल तरह किसानों के खेतों में घुसकर फसल को चौपट करते हैं जिससे सभी लोग परेशान रहते हैं। कई बार किसान ओर अफसरों के बीच विवाद की स्थिति बन जाती है इसलिए समय रहते फसल बचाने के लिए कदम उठाना जरूरी है किसानों ने कहा की डोंडी में शासन द्वारा नयापारा मार्ग पर बनाए गए गोठान में मवेशियों की ठहराव के लिए छाया पानी और उनके खाने के लिए पैरा या घास आदि की व्यवस्था के लिए नगर पंचायत को जिम्मेदारी दी गई।



इसके अलावा सोसाइटियों में किसानों द्वारा मांग की जाने वाले खाद बीज उपलब्ध कराने के संबंध में विशेष चर्चा कर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर सीएमओ को मांगपत्र देकर 29 जून तक व्यवस्था नहीं होने पर 30 जून को नगर पंचायत डोडी और तहसील कार्यालय डोडी के सामने किसानों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा जीसके लिए प्रशासनिक अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

### बैठक में ये रहे शामिल

बैठक में फागू राम आल्हा, नंदलाल रावटे, बलीराम धनकर, सुनील राठौर, खिलेंद्र भुआर्य, राधिका भारद्वाज, कदम कोठारी, गौतम देवहारी, भुवन ठाकुर और राजेंद्र मानकर सहित सैकड़ों किसान सम्मिलित थे।

# सातवीं के छात्र को जबरन पिलाया जहरीला घोल, 5 युवकों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आपसी रंजिश के चलते 5 युवको ने एक युवक को पंचर बनाने का सालुशन पानी मे घोलकर जबरदस्ती पिला दिया, जिसके बाद युवक का स्वास्थ खराब हो गया, जिसके बाद युवक को परिजनो द्वारा अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहां युवक के ठीक होने के बाद 5 लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले मे छात्र की रिपोर्ट पर थाना बालोद मे 5 लोगो के खिलाफ 123, 191(2), 296 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

■ छात्र को आया चक्कर, अस्पताल में भर्ती कराने के बाद परिजनों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

मिली जानकारी के अनुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झलमला मे अध्ययनरत कक्षा 7वीं के छात्र ने जानकारी दी कि दोस्त के साथ आरटीओ कार्यालय पाकुरभाट मैदान के तरफ क्रिकेट खेलने गए थे। मैदान मे कई गाड़ियां खड़ी थी। इस वजह से क्रिकेट खेल नही पाए। जिसके बाद दोस्त अपने घर चला गया। वहां से वह चुरगिया मैदान के पास क्रिकेट खेलने गया। वहां 5 लोग पहले से मौजूद थे। मैदान मे आते देख एक ने रंजिश को लेकर अपने चार दोस्तो को बुलाया। वहां से खेत मे ले गए। जहां सभी ने गाली गलौज की। जिसके बाद टायर के पंचर बनाने वाले सालुशन को निकालकर अपने पास रखेएक डिस्पोजल गिलास मे पानी मे घोलकर जबरदस्ती मिलाया। सालुशन मिले पानी को पीने के बाद चक्कर आने लगा। घर मे पहुंचकर परिजनो को जानकारी दी। इस दौरान उल्टी होने पर परिजनो ने जिला अस्पताल मे भर्ती कराया।

## खबर संक्षेप

### सिंटर प्लांट्स के कर्मियों ने किया रक्तदान

**भिलाई।** जेएलएन अस्पताल सेक्टर नौ के सहयोग से भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट सामूहिक द्वारा भिलाई क्लब में वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सिंटर प्लांट-2 एवं सिंटर प्लांट-3 के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों ने शिविर में 32 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रवींद्रनाथ ने शिविर मे उनके योगदान की सराहना की । सीजीएम बीके बेहेरा राजीव पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार, सेफी अध्यक्ष एनके.बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह तथा व बीएसपी एससीएसटी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कोमल प्रसाद आदि उपस्थि थे। शिविर के दौरान सिंटर प्लांट-3 के रमेश कुमार एवं ब्लड बैंक समूह के पांडेय द्वारा प्रस्तुत संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### कामठी स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**कुण्डा।** पंडरिया विकासखंड में वनांचल क्षेत्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में शाला प्रवेशोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष द्वारिका विश्वकर्मा, ग्रापं सरपंच लकेश यादव, संतराम मेश्राम के उपस्थिति में मनाया गया। कार्यक्रम शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती व भारत माता के तैलचित्र में विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर व चाकलेट खिलाकर स्वागत किया गया साथ ही साथ सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर सरपंच द्वारा बच्चों को नए सत्र की बधाई व शुभकानाएं देते हुए कहां इस क्षेत्र के सभी कक्षा 8वीं के उत्तीर्ण विद्यार्थी जल्द से जल्द दाखिल लेकर शिक्षा अध्ययन करें कोई भी विद्यार्थियों ना छूटे इस बात पर जोर दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य आरएन राजपूत, व्याख्याता राजेश शर्मा, हीरालाल छापरिया, मनोज आदित्य, तुलस चंद्राकर, व्यायाम शिक्षक कोमल धृतलहरें, प्रधान पाठक भगवान सिंह, शिक्षक यशवंत कुम्भकार, सुमित पाण्डेय, हरीश यादव, कर्मचारी रमेश मरावी, दीपक, शैलेन्द्र परस्ते व छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### किया गया एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग

**कवर्धा।** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कृत संकल्पित नगर के कोलाहल से दूर संस्कारक्षम वातावरण में स्थित अभ्युदय स्कूल में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग के तत्वधान में माध्यमिक विभाग से लेकर उच्चतर माध्यमिक विभाग के विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं एकेडमिक हेड, उपप्राचार्य सहित अभ्युदय परिवार ने योग प्राणायाम किया।

## निधन

### किरण भेंसले



**गुरूर।** ग्राम हसदा अरकार निवासी किरण भेंसले 55 साल का निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे ताराचंद भेसलें की पत्नी, चन्द्रप्रभा, शशिप्रभा, सूर्यकांत की मां थी।

जांच, टीकाकरण और सिकलसेल परीक्षण से आदिवासी हितग्राहियों का स्वास्थ्य भी हुआ बेहतर

# धरती आबा अभियान के तहत लाभ संतृप्ति शिविरों में आदिवासी समाज को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ देवारभाट और लासाटोला में शिविरों में आवेदकों को मिले आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, उज्ज्वला गैस सहित अन्य सेवाएं

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम देवारभाट एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम लासाटोला में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों में आदिवासी समाज के लोगों एवं हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इन दोनों गांवों में आयोजित शिविरों में आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, मुद्रा लोन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड आदि विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होकर हितग्राही बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। शिविर में उपस्थित आदिवासी समाज के लोगों एवं लाभान्वित हितग्राहियों ने अलग–अलग स्थानों पर लाभ संतृप्ति शिविर के आयोजन को केन्द्र सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी एवं जनहितैषी कदम बताते हुए उन्होंने कहा कि हम जनजातियों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में आने वाले समय में इसका दूरगामी परिणाम देखने को मिलेगा।





आज जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम देवारभाट एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम लासाटोला में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में आदिवासी वर्ग के हितग्राही एवं ग्रामीण शामिल हुए।

इसी कड़ी में आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम देवारभाट में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 19 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 03 हितग्राहियों को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, 01 हितग्राही को उज्ज्वला गैस कनेक्शन, 01 हितग्राही को वृद्धा पेंशन योजना से लाभान्वित किया गया। इसी तरह शिविर में 43 हितग्राहियों का सिकलसेल एवं एनीमिया जाँच के अलावा 36 हितग्राहियों का टीकाकरण भी किया गया। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम लासाटोला में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 25 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 15 हितग्राहियों को आधार कार्ड, 08 हितग्राहियों को नया राशन कार्ड, 04 हितग्राहियों को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, 12 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं किसान सम्मान निधि योजना, 02 हितग्राहियों को प्रधामनंत्री विश्वकर्मा योजना, 04 हितग्राही को उज्ज्वला गैस कनेक्शन, 05 हितग्राहियों को श्रम कार्ड से लाभान्वित किया गया।

इसी तरह शिविर में 08 हितग्राहियों को अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवासीहीन परिवारों के रूप में चिन्हांकन तथा 15 हितग्राहियों का सिकलसेल एवं एनीमिया जाँच किया गया। इसके अलावा शिविर स्थल पर स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम देवारभाट में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य टेमन लाल साहू उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में सरपंच —ष्ण कुमार, लता कोर्राम एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

### प्रकृति की संरक्षण और संवर्धन के लिए पौधारोपण



**डौंडीलोहारा।** विकासखंड अंतर्गत वनांचल ग्राम कोड़ेकसा में प्रेरणा युवा एकता संगठन एवं ग्रामीण कर्मचारी संघ द्वारा शीतला मंदिर परिसर में विभिन्न औषधि पौधों का वृक्षारोपण किया गया जिसमें मुख्य रूप से बेल, नीम, आंवला नींबू, अशोक, जाम, आम, पीपल, बरगद, के 40 पौधे शामिल हैं इस कार्य में ग्राम के सभी युवकों ने अपने नाम से एक पेड़ संरक्षित किया है साथ ही ग्राम सरपंच द्वारा इस महा कार्य के लिए सहयोग प्रदान किया गया, इस महान कार्य में दुलेश मेरिया, इया राम मेरिया, गजेंद्र साहू, गणपत नायक, नेमेश मेरिया, तुलेश्वर सहारे, राजेश मेरिया, तिलक राम, लेखराम, देवकुमार वट्टी, टेमन साहू, भूपेश राणा एवं समस्त ग्रामवासी का भरपूर सहयोग मिला।

### कोटेरा में मनाया गया योग दिवस



**डौंडीलोहाराय।** दिनांक 21 जून को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटेरा मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्कूल प्रांगण में विविध योगासन व प्राणायाम का सामूहिक अभ्यास किया गया एवं एक पेड़ मां के नाम से पौधा रोपण का कार्य किया गया जिसमें शाला की प्राचार्य अनीता सिंह, दिलीप सिन्हा अध्यक्ष शाला विकास समिति, बीएस ठाकुर विधायक प्रतिनिधि, ख़मिुक नेताम पूर्व सरपंच, बी डी साहू पूर्व सरपंच, चंद्र कुमार लारियवंशी, गजेंद्र कुमार डड़सेना, मन्नू लाल ठाकुर एवं शिक्षक गण दिलीप कुमार कोसरे, कोमल सिंह कोर्ते, दुष्यंत कुमार बारले, प्रेमचंद महालेश्वर, सरिता भूआर्य, दीपिका बोरकर एवं समस्त विद्यार्थियों की उपस्थिति रहे।

## जाटादाह में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जाटादाह के प्रांगण में 24 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, इस कार्यक्रम में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार दुग्गा, नीता रावटे सरपंच जाटादाह, प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जाटादाह एम.आर.गावड़े सर,प्राथमिक शाला जाटादाह प्रधान पाठक योगिता ठाकुर, शिक्षक पूजा सार्वा, अमित कुमार, डोमार सिंह धलेंद्र, केशव लाल गंजीर, ग्राम के पंचगण रावटे, कविता बाई, कांति बाई, सुशीला बाई, सुनोती बाई, बिसरी बाईं, नगीना बाई, शारदा बाई, मेघनाथ, रितेश एवं ग्राम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।शाला प्रवेशोत्सव के उपलक्ष्य में सरपंच महोदया के द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया।

### सेल में पचास हजार प्रति टन उत्पादन के बाद भी मुनाफा कम

**भिलाई।** सेल ने कंपनी के उत्पादन लागत तथा बिक्री मूल्य का आँकड़ा जारी किया है। बीएकेएस यूनियन ने कम मुनाफे सवाल उठाते हुए कहा कि कर्मियों की मांगें अब तक लंबित हैं। यूनियन के अध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि सेल के सभी पाँच एकिकृत स्टील प्लांटो में सबसे अधिक उत्पादन लागत दुर्गापुर स्टील प्लांट का तथा सबसे कम उत्पादन लागत बोकारो स्टील प्लांट का आया है। यूनियन के अध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि एक टन उत्पाद लागत तथा बिक्री के बीच औसतन 7 हजार टन का लाभ आने तथा 17 मिलियन टन बिक्री होने के बाद भी मुनाफा मात्र 3000 करोड़ रुपया है।

## रेलवे क्रॉसिंग बनी जानलेवा खतरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

■ दल्लीराजहरा गांधी चौक में न रेलवे फाटक, न अंडरब्रिज – कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

वार्ड क्रमांक 20 गांधी चौक से लोडिंग क्वार्टर व शराब भट्टी की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर रेलवे लाइन पार करना अब आम लोगों के लिए किसी खतरे से कम नहीं है।

यह मार्ग प्रतिदिन सैकड़ों बाइक सवारों और पैदल यात्रियों के लिए जीवन-रक्षक बन चुका है – क्योंकि न तो यहां रेलवे फाटक है और न ही अंडरब्रिज या ओवरब्रिज। रेलवे प्रबंधन की घोर लापरवाही के कारण यह स्थान हादसों को न्योता दे रहा है। जबकि रेलवे के दिशा-निर्देशों में स्पष्ट उल्लेख है कि जहां भीड़भाड़ और लगातार आवागमन होता है, वहां रेलवे फाटक अथवा अंडरब्रिज अनिवार्य रूप से बनाए जाने चाहिए। इसके बावजूद दल्ली राजहरा जैसे संवेदनशील और औद्योगिक क्षेत्र में यह सुविधा नहीं दी गई है।

#### जनता में बढ़ता जा रहा आक्रोश

दल्लीराजहरा के स्थानीय लोगों का कहना है कि वे वर्षों से रेलवे प्रशासन से इस संबंध में गुहार लगा रहे हैं, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले हैं। ट्रेनें गुजरती हैं और लोग मजबूरी में ट्रैक के किनारे खड़े रहते हैं – किसी भी दिन एक पल की लापरवाही बड़ी जानलेवा दुर्घटना का कारण बन सकती है। दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र की जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

#### दल्लीराजहरा जनता की मांग

जल्द से जल्द रेलवे फाटक या अंडरब्रिज का निर्माण कर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए। अन्यथा यदि कोई अनहोनी होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी केवल और केवल रेलवे प्रशासन की होगी। रेल पार करना नहीं, जान जोखिम में डालना है! क्या यही है रेलवे की जिम्मेदार व्यवस्था?

### ओए ने निकाली साइकिल रैली सेहतमंद रहने का दिया संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन-बीएसपी द्वारा योग दिवस के साथ साइकिल रैली का आयोजन कर स्वस्थ रहने का दिया संदेश दिया गया। प्रगति भवन में में पदाधिकारी तुषार सिंहयोग प्रशिक्षक नरेंद्र पटेल राजेश तिवारी व ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर न योग करवाया। इसके अलावा साइकिल रैली' का आयोजन किया गया ।

रैली' सेक्टर-9 चौक से प्रारंभ किया गया जो, स्टील क्लब चौक, ग्लोब चौक, परिवार चौक व शहीद उद्यान से होते हुए प्रगति भवनमें समाप्त हुई है। रैली में साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छग के महासचिव विनायक चन्नावार, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव देवप्रकाश वर्मा, दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शशांक देशमुख, आलोक दीक्षित आदि उपस्थित थे।

## डेंगू और मच्छरजनित रोग की होगी रोकथाम, अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

भिलाई इस्पात संयंत्र का जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीएसपी टाउनशिप में मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू आदि की रोकथाम के लिए सोमवार से अभियान शुरु हुआ। इस अभियान के तहत, इस्पात नगरी के आवासों का सर्वे, निरीक्षण, दवाओं का वितरण, छिड़काव और फॉगिंग शुरू की गई है। आज 23 जून को सेक्टर-1 में पूर्व पार्षद रश्मि सिंह की उपस्थिति में जीएम केके यादव आदि विभागीय लोग उपस्थित थे।

जिस भी घर में डेंगू या मच्छरों का लार्वा पाया जाएगा और निवासियों की लापरवाही पाई जायेगी तो ऐसे घरों के निवासियों पर पेनाल्टी लगाने का प्रावधान किया गया है। बारिश से पहले टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में पोर्टेबल फॉगिंग, वाटर फॉगिंग, ऑयलिंग, घरों में टेमीफॉस का वितरण



और बैकलाइन क्षेत्रों में फॉगिंग और दवाओं के स्प्रे का कार्य भी किया जा रहा है, जिससे उत्पन्न लार्वा को समय रहते नष्ट किया जा सके एवं डेंगू के मच्छर को पनपने से रोका जा सके। जन स्वास्थ्य अनुभाग द्वारा विभिन्न टीमों के साथ घरों का निरीक्षण कर कूलर और जल से भरे हुए विभिन्न पात्र जैसे बर्तन, ड्रम, टंकियां, जानवरों के लिए रखे गये खाने और पानी के बर्तन आदि को खाली करवाया जा रहा है। इस सर्वे के साथ जल एकत्र होने वाले स्थानों की सफाई एवं वहाँ दवाइयों का छिड़काव कर और टेमीफॉस दवा का वितरण भी किया जा रहा

### पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का मांझी प्रकोष्ठ ने किया सम्मान

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू राम निषाद का सम्मान भारती जनता पार्टी माझी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष छोटेलाल चौधरी ने किया। सेक्टर-6 स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रदीप चौधरी, वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्य भी मौजूद थे।



संयू ने दिया 9 जुलाई के आंदोलन को लेकर प्रबंधन को दिया नोटिस

# भिलाई इस्पात संयंत्र में हड़ताल के लिए यूनियन एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल के सबसे बड़े उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र में राष्ट्रव्यापी हश्रम कानूनों में परिर्तन के खिलाफ

■ श्रम संहिता में परिवर्तन के खिलाफ हड़ताल में शामिल करने कर्मियों को सयू करेगा जागरुक

केंद्रीय श्रम संगठनों के आह्वान पर भिलाई की 7 ट्रेड यूनियनों ने संयुक्त रूप से 9 जुलाई की हड़ताल के लिए बीएसपी के निदेशक प्रभारी को हड़ताल का नोटिस दिया । संयुक्त यूनियन ने यह भी तय किया है कि श्रम संहिताओं में परिवर्तन की जानकारी कर्मियों को देकर जागरुक किया जाएगा। ताकि वे स्वेच्छा से हड़ताल में शामिल हो सकें। भिलाई के इंटक,एटक, एचएमएस, सीटू ,एक्टू लोईमू और स्टील वर्कर्स यूनियन ने सोमवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज को महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध के द्वारा हड़ताल का नोटिस दिया । नोटिस में सयू ने कहा कि देश की 10 केंद्रीय ट्रेड और स्वतंत्र क्षेत्रीय संघों के आह्वन पर आयोजित राष्ट्रीय कन्वेंशन के आह्वान पर 9 जुलाई को श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन पर रोक लगाने और अन्य जन विरोधी नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर हम सभी यूनियनों ने आम हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया है। बीएसपी के सभी विभागों के स्थाई और ठेका कर्मचारी इस हड़ता में सुबह 6 से 10 जुलाई की सुबह 6 बजे

#### यह हैं कर्मियों की मांगें

चारों श्रम संहिताओं को तत्काल रद्द किया जाए, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों व सरकारी विभागों का निजीकरण बंद हो,सेल और आरआईएनएल की किसी भी इकाई में कोई विनिवेश या निजीकरण ना किया जाए और स्थाई प्रवृत्ति के कार्य को आउटसोर्स ना किया जाए। सेल में लंबित वेतन समझौता जल्द पूरा करें और एरियर्स का भी भुगतान किया जाए । हायर पेंशन स्कीम लागू किया जाए, असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को मिनिमम 26 हजार रुपए वेतन दिया जाए ।



#### पुरानी पेंशन बहाल

संयुक्त यूनियन ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए, बोनस पात्रता पर सभी सीमाएं समाप्त की जाएं एवं ग्रेच्युटी सीलिंग समाप्त करने की भी मांग की है। मांग की है किआवेदन जमा करने के 45 दिनों के भीतर ट्रेड यूनियन का अनिवार्य रूप से पंजीकरण किया जाए। मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण किया जाए, खाद्य पदार्थ दवाओ कृषि उपकरणों और मशीनरी पर जीएसटी हटाया जाए, बिजली संशोधन विधेयक 2022 को वापस लिया जाए, काम के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाया जाए ।

## नगपुरा में जनप्रतिनिधियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगपुरा में स्थित प्राकृतिक एवं योगोपचार संस्थान श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में आरोग्यम उत्सव, आरोग्यम रत्न अलंकरण एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर, अध्यक्षता दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव विशेष अतिथि, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू , मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर (राजू) यादव और सरपंच ग्राम पंचायत नगपुरा सरोज रिगरी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य कर रहे डॉक्टरों का सम्मान किया गया और नवनिर्वाचित सरपंचों का सम्मान कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत आयोजित योग कार्यक्रम में छात्रों द्वारा किए योग प्रदर्शन देखा। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा डॉ और सरपंच आप लोगों के सम्मिलित प्रयासों से गांव स्वास्थ क्षेत्र में बेहतर काम हों सकता है अपने प्रयासों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हो।

## खबर संक्षेप



### दल्लीराजहरा की सड़कों पर आवारा मवेशियों का कब्जा, प्रशासन मौन

**दल्लीराजहरा।** शहर की सड़कों पर इन दिनों आवारा मवेशियों का कब्जा है। चौक-चौराहे, मुख्य मार्ग और बाजार क्षेत्र हर जगह गाय-बैल-बछड़े बेधड़क घूमते दिखते हैं। नतीजा आए दिन ट्रैफिक जाम, दुर्घटनाएं और मौत का खतरा। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इन हादसों में कई जानें जा चुकी हैं, दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं, लेकिन न तो प्रशासन जागा और न ही नगर पालिका ने कोई ठोस कदम उठाया। ना जुर्माना, ना अभियान पशुपालकों को खुली छूट मवेशियों को खुला छोड़ना अब नॉर्मल हो चुका है। कोई जुर्माना नहीं, कोई धरपकड़ नहीं, कोई चेतावनी नहीं। नतीजतन, पशुपालकों के हौसले बुलंद हैं और नागरिकों का जीवन जोखिम में। हर दिन डर लगता है कि कब कोई मवेशी टकरा जाए, कोई सुनने वाला नहीं है, स्थानीय कांजी हाउस बंद, नगर पालिका मौन पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में मवेशियों की धरपकड़, जुर्माना और कांजी हाउस की सक्रियता से व्यवस्था नियंत्रित थी। लेकिन अब कांजी हाउस निषक्रिय पड़ा है, नगर पालिका मूकदर्शक बनी हुई है और जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं।

### बीएफ-8 ने 1 मिलियन टन हॉट मेटल का उत्पादन किया

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 ने परिचालन उत्कृष्टता का रिकार्ड कायम किया है। मात्र 118 दिनों में 1 मिलियन टन (10 लाख टन) हॉट मेटल उत्पादन पूरा करने का अब तक का सबसे तेज़ कीर्तिमान है।
यह रिकार्ड उसके 17 मिलियन टन से 18 मिलियन टन संचयी उत्पादन यात्रा का हिस्सा है, जिसमें इस इकाई ने सेल)की समकक्ष इकाइयों के बीच प्रदर्शन का मानक लगातार ऊँचा किया है।

## निधन

### रोहणी बेलचंदन

**बालोद/निकुम।** ग्राम निकुम वार्ड 16 निवासी 82 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका व सरस्वती महिला मानस



मंडली निकुम की व्याख्याकार, समाजसेवी रोहणी बेलचंदन का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम निकुम मुक्तिधाम मे किया गया। वह सेवानिवृत शिक्षक झुमक बेलंचदन की धर्मपत्नि व ग्राम पंचायत निकुम के पूर्व उपसरपंच मनीश कुमार बेलचंदन की मां है।

### आयोजन : शिक्षा के बिना समाज और राष्ट्र की कल्पना अधूरी: सांसद भोजराज

# बालोद में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव संपन्न शिक्षा को बताया राष्ट्र निर्माण का मूल आधार







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

समाज व राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा सबसे बड़ा अस्त्र है। शिक्षा के बिना किसी भी व्यक्ति, परिवार, समाज एवं राष्ट्र के विकास की परिकल्पना नही की जा सकती।

उक्त बातें सांसद भोजराज नाग शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर घीना में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर कही। सांसद नाग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जनपद अध्यक्ष कांति सोनबरसा, जिला पंचायत सदस्य पोषण चन्द्राकर, अभिषेक शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर सहित जनप्रतिनिधि तथा वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। सांसद नाग एवं अतिथियों ने कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमीं के नव प्रवेशी विद्यार्थियों को मुँह मीठा कराकर तथा उन्हें गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक प्रदान कर शाला में विधिवत प्रवेश दिलाया। समारोह में अतिथियों के द्वारा राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले तथा विकासखण्ड स्तर पर उत्कृष्ट अंक अर्जित कर टॉप

- नवप्रवेशी विद्यार्थियों को गणवेश, पाठ्यपुस्तक और मिठाई देकर हुआ स्वागत



टेन स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थियों के अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, जिला पंचायत उपाअध्यक्ष तोमन साहू एवं कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा सहित अन्य अतिथियों ने विद्यालय में बच्चों के साथ जमीन में बैठकर न्योता भोज भी ग्रहण किया। समारोह में जिले में चलाए जा रहे सघन वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत अतिथियों को पौधा भेंट किया गया। समारोह में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत छात्रओं को सायकल भी प्रदान किया गया।

शिक्षा के महत्व एवं उद्देश्यों पर डाला प्रकाश

सांसद नाग ने अपने बालपन में अपने शाला में प्रवेश के पहले दिन का स्मरण करते हुए प्रत्येक विद्यार्थियों के लिए शाला में पहले प्रवेश के क्षण को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं यादगार क्षण बताया। नाग ने शिक्षा के महत्व एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुराने समय में हमारे ऋषि मुनी एवं मनीषीगण पहाड़ों एवं जंगलों में कठोर तप और साधना कर ज्ञान अर्जित करते थे। इसके उपरांत वे अपने कठोर साधना से अर्जित ज्ञान का उपयोग समाज निर्माण एवं मानव कल्याण के पूनीत कार्य के लिए करते थे।

### विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित करने की दी सीख

सांसद नाग ने केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा शिक्षा एवं ज्ञान–विज्ञान के क्षेत्र में देश को अग्रणी बनाने हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा सन-2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है। नाग ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए पूरे मनोयोग से लग जाने की सीख दी।

### नशामुक्ति और पौधारोपण की दिलाई शपथ

नाग ने पूरे जिले वासियों को अधिक से अधिक पौधरोपण कर उनके सुरक्षा के भी समूचित उपाय करने की अपील की। समारोह में सांसद नाग ने जिला में चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम में लोगों को नशापान से सदैव दूर रहने तथा इसके लिए अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित करने तथा जल जतन अभियान के अंतर्गत पानी के एक–एक बूँद का संरक्षण एवं संवर्धन करने तथा पर्यावरण की सुरक्षा हेतु अधिक से अधिक पौधरोपण कर उनके सुरक्षा का उपाय सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई।

### भारत के नवनिर्माण की आधारशीला है नवपीढ़ी

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने कहा कि हमारे विद्यार्थी केवल विद्यार्थी ही नही है, ये आने वाले भारत के नवनिर्माण के आधारशीला भी है। चन्द्राकर ने कहा कि हमारे विद्यार्थी अपने साधना एवं श्रम से शिक्षित एवं ज्ञानवान बनकर राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में अपने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे। तोमन साहू ने राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य में शिक्षा गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में भी जानकारी दी।

### मुढ़िया में प्रवेशोत्सव, नए बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत



**बालोद।** ग्राम मुढ़िया में प्राइमरी स्कूल, मिडिल स्कूल, हाई स्कूल एवं समस्त शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं समस्त ग्राम वासियों के द्वारा शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें नए प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं गणेवेश प्रदान किया गया। पाठ्य पुस्तक, खेलकूद के सामग्री का वितरण किया गया एवं प्रबंधन समिति के द्वारा नेवता भोज का कार्यक्रम रखा गया। यह जानकारी शिवकुमार सिन्हा के द्वारा दिया गया, कार्यक्रम मे तीनों स्कूल के शिक्षक व ग्राम वासी उपस्थित थे।



### शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का हुआ आत्मीय स्वागत



बालोद/सिकोसा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुटेरी खे विकासखंड गुण्डरदेही में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला की प्रभारी प्राचार्य श्वेता पांडे के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया साथ ही बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खुटेरी खे के सरपंच एवं एसएमडीसी के अध्यक्ष गुमेंद्र टेमरे, एसएमडीसी के सदस्य उत्तम ठाकुर व केशव ठाकुर ग्राम पंचायत की पंचगण व बच्चों के पालक ने अपनी उपस्थिति दी तथा बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को उद्बोधित किया।

### डौंडीलोहारा में शाला प्रवेश उत्सव, नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत व प्रोत्साहन

**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला बैहाकुंआ संकुल केंद्र भरदा लो विकासखंड डौंडीलोहरा में मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया,कार्यक्रम में किशोर साहू सरपंच ग्राम पंचायत बैहाकुंआ,SMC उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा खोब्रागढ़े एवं उपसरपंच मोरजध्वज पटेल के द्वारा बच्चों को गुलाल लगाकर,मिठाई खिलाकर सभी नवप्रवेशी बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया एवं नव प्रवेशी बच्चों को गणवेश व पाठ्य पुस्तक का भी वितरण किया गया।

सरपंच द्वारा पानी बॉटल,पहाड़ा, कापी और पेन का वितरण किया गया ,उन्होंने अपने उद्बोधन में बच्चों से यह भी कहा कि आप बहुत अच्छे से पढ़ाई कीजिए और पालकों से भी बच्चों को नियमित स्कूल भेजने निवेदन किया, साथ ही सभी शिक्षकों को भी उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए नए सत्र में आप बच्चों



को एक नई ऊर्जा और उमंग के साथ पढ़ाए ताकि बच्चों में उनके कक्षा के अनुरूप दक्ष हो पाएं। संकुल सहायक प्रभारी खोमन लाल साहू ने शाला प्रवेश के उद्देश्यों को बताया एवं हाई स्कूल भरदा के अध्यक्ष पंचूराम भुआर्य ने बच्चों को नियमित साफ सफाई के साथ शाला आने कहा एवं संकुल समन्वयक अशोक टंडन के द्वारा जल संरक्षण एवं तंबाकू नशा निषेध का शपथ दिलाया गया एवं एक पेड़ मां के नाम पर शाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया एवं महिला स्व सहायता समिति के द्वारा बच्चों को न्यौता भोज में चांवल, दाल, सब्जी, पापड़, खीर एवं पूड़ी खिलाया गया।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक रोमन लारेन्द्र, बुद्धनतींन पटेल सहायक शिक्षक साथ मे शाला प्रबंधन समिति के हरिचन्द्र श्रीवास, ग्राम प्रमुख राम सिंह भंडारी, फ़क़ीर राम भुआर्य, आरतु राम सहारे, चिंताराम पटेल,हठीयारीन भूआर्य , कौशिल्या पटेल एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे कार्यक्रम में आभार प्रधानपाठक लारेन्द्र जी द्वारा किया गया।





# गुण्डरदेही सरपंच ने अवैध कार्य और धोखाधड़ी के आरोपों को लेकर की जिला प्रशासन से जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

विकासखंड गुण्डरदेही के ग्रामपंचायत गोड़ेला के सरपंच वागीश बंजारे सहित पंचो को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय बालोद व पुलिस अधीक्षक बालोद को ग्राम पंचायत लेटर में हस्ताक्षर युक्त शिकायत कर जांच कर सक्त कार्यवाही करने पहुचा।

- किराना दुकान के सामने जुएं का फड़ चलाने व पुलिस गश्त न होने से युवाओं का माहौल बिगड़ा



जिसमें वागीश बंजारे ने आरोप लगाया कि उसके आश्रित ग्राम खुर्सीपार के सुरेश बेलचंदन उर्फ तोमेन्द्र बेलंचदन किराना दुकान की आड़ में अवैध कार्य कर रहा है, जिसमें दुकान के सामने जुएं का फड़ लगाता है, लेकिन बालोद जिले व अर्जुन्दा थाना के आखरी गांव होने के कारण पुलिस के गश्त नही होती है, जिसके कारण गांव का महौल बिगड़ रहा है, युवा वर्ग न"ा के गर्त में जा रहे है। वही आरोप है कि सुरेश बेलचंदन उर्फ तोमन्द्र बेलंचदन भोले भाले ग्रामीणों को सराकरी योजनाओ के प्रलोभन देकर श्रमिक कार्ड बनाने के नाम जमकर फर्जी कर लगभग 70 ग्रामीणों से रुपये लेकर घुमा रहा है, घर में जाकर आमजनो सरकारी योजना के लाभ का लालच दिखाकर आधारकार्ड, राशन कार्ड, मोबाइल, बैक पासबुक सहित कई डाटा को आसानी लेकर, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बेरोजगारी भत्ता, स्कूली बच्चो को छात्रवृत्ति, महिलाओ को स्वांलबी बनाने सिलाई मशीन, साइकिल सहित कई योजनाओ का लोभ देकर हजारों रुपये लेकर बीते कई महीनो से 70 परिवार का कार्ड बनाने पैसा ले चुका है, विडम्बना है कि आज तक किसी मजदुर कार्डधारी हितग्राही को केन्द्र सरकार शासन महती योजना का लाभ नही मिला, जो कई सवाल कर रहा है। शिकायतकर्ता सरपंच वागीश बंजारे ने कहा कि शिकायत के आधार पर जांच किया जाये।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

### जनजातीय परिवारों को 25 सरकारी योजनाओं का मिलेगा एक ही स्थान पर लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत बुधवार 25 जून को जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम मंगचुवा, बालोद विकासखण्ड के ग्राम मूल्लेगुड़ा एवं गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पोड़ में लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की गई है। इन क्षेत्रें में निवास करने वाले जनजातीय परिवार के लोगों को मुनादी एवं अन्य माध्यमों से शिविर आयोजन के जानकारी देने के साथ–साथ अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में उपस्थित होकर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई है।आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि बुधवार 25 जून को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम मंगचुवा में आयोजित शिविर में ग्राम पुनारकसा, खैरकट्टा, बंजारी नाकापारा, भीमपुरी, उपरवारा, अन्नुटोला, चिलमगोटा, नंगुटोला, भीमाटोला, डुमाटोला, दल्ली, मंगचुवा, करेंगांव, करतुटोला, मुढ़ौरी, मरसकोला, कमकापार, टेकापार, पिड़ियाल एवं हितापठार के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह बालोद विकासखण्ड के ग्राम मूल्लेगुड़ा में आयोजित शिविर में ग्राम मूल्लेगुड़ा एवं मालगांव के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पोड़ में आयोजित शिविर में ग्राम पोड़, कोचवाही एवं बड़भूम के ग्रामीण शामिल होंगे।

### 17 विभागों की 25 सेवाओं व योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

उन्होंने बताया कि शिविर में चयनित ग्रामों के जनजातीय परिवारों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, बीमा कवरेज, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा ऋण, महिला एंव बाल कल्याण, टीकाकरण, जनजातीय परिवार के घरों में नल कलेक्शन, विद्युत कलेक्शन, उज्जवला, कौशल प्रशिक्षण, इत्यादि सेवाएं प्रदाय की जाएगी। इसके साथ ही सिकल सेल, की जॉच व स्वास्थ शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। इस दौरान प्रचार रथ के माध्यम से जनजातीय परिवार के लोगों को उन्हें प्रदान की जाने वाली विभिन्न 17 विभागों के 25 सेवाओं एवं योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी।

### ओए ने निकाली साइकिल रैली सेहतमंद रहने का दिया संदेश

**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन-बीएसपी द्वारा योग दिवस के साथ साइकिल रैली का आयोजन कर स्वस्थ रहने का दिया संदेश दिया गया। प्रगति भवन में में पदाधिकारी तुषार सिंहयोग प्रशिक्षक नरेंद्र पटेल राजेश तिवारी व ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर न योग करवाया। इसके अलावा साइकिल रैली' का आयोजन किया गया। रैली' सेक्टर-9 चौक से प्रारंभ किया गया जो, स्टील क्लब चौक, ग्लोब चौक, परिवार चौक व शहीद उद्यान से होते हुए प्रगति भवनमें समाप्त हुई है। रैली में साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छग के महासचिव विनायक चन्नावार, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव देवप्रकाश वर्मा, आलोक दीक्षित आदि उपस्थित थे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम–दानीटोला, पोस्ट–भैसबोड़
तहसील–डौंडी, जिला–बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200
TEAM CREATIVE

## खबर संक्षेप



### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

**गुण्डरदेही।** भाजपा बूथ क्रमांक 186 के कार्यकर्ताओं द्वारा अटल चौक ग्राम भरदा खुर्द में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर पूजा अर्चना कर विन्रम श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में भाजपा के कार्यकर्ता डिलेंद्र कुमार साहू, सतीश साहू, कृष्णा निषाद, धरंजय साहू, चंद्रशेखर साहू, सेवंत निषाद, मोहन साहू, चंदू निषाद, उमेश साहू, मणिराम साहू उपस्थित थे।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरुकता रथ को कलेक्टर ने दी हरी झंडी



**बालोद।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत प्रचार–प्रसार व जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा के द्वारा जागरूकता रथ को कलेक्टोरेट बालोद से हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया। यह रथ जिले के सभी 05 विकासखंडों के ग्रामों में जाकर प्रचार–प्रसार के साथ साथ शासन की योजनाओं को जन समुदाय तक पहुंचाने का काम करेगी साथ जन जागरूकता भी पैदा करेगी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के उद्देश्यों जैसे जन्म के समय लिंगानुपात में सुधार, बालिकाओं के शिक्षा में ड्रापआउट दर को कम करना, बालिकाओं के खेल कौशल को प्रोत्साहन के साथ कौशल विकास को प्रोत्साहन पर जागरूकता का संदेश लेकर जागरूकता रथ बालोद जिले के सभी 05 विकासखंडों का भ्रमण करेगी। उक्त जागरूकता रथ के भ्रमण से जिले के जनता बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान से परिचित होगी जिससे लोगों के व्यवहार परिवर्तन व बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच पैदा हो सकेगा। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी व महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### स्कूटी चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** स्कूटी चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि गोपाल कृष्ण गुप्ता शीतला कालोनी कृष्णा ग्रांड सिटी ब्लॉक न0 जी/21 कोहका में रहते है। उनकी सफेद रंग की स्कूटी सीजी-07 एएफ 2803 को भतीजी अलिशा गुप्ता शांति नगर सड़क न0 2 के पास खड़ी करके निकल गया था। जब लौटकर आया तो उसकी स्कूटी गायब मिली। आसपास खोजबीन करने के बाद वाहन नहीं मिलने पर शिकायत पुलिस से किया गया। मुखबिर की सूचना पर 18 नंबर रोड़ पर आटोडील की दुकान में वाहन बेचने की फिराक में युवक घूम रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने कोहका निवासी रितिक रोशन को पकड़ा गया। युवक के पास से पुलिस ने को जब्त किया।

## सियासत : 1975 का आपातकाल था लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला: भूपेंद्र सवन्नी

# आपातकाल के 50 वर्ष पूरे, भाजपा ने प्रेस-कांफ्रेंस कर कांग्रेस पर लगाया लोकतंत्र कुचलने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- बालोद में भाजपा की प्रेस कॉन्फ्रेंस: सत्ता बचाने के लिए लोकतंत्र को कुचला गया

लोकतंत्र का काला अध्याय आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने एवं कांग्रेस के लोकतंत्र पर कुठाराघात के 50 वर्ष पर प्रेस कॉन्फ्रेंस लेने अध्यक्ष अक्षय ऊर्जा विकास अधिकरण (क्रेडा) प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी जिला मुख्यालय पहुंचे।

भूपेन्द्र सवन्नी ने कहा कि मार्च 1971 में लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीतने के बावजूद इंदिरा गांधी की वैधानिकता को चुनौती मिली, उनके विपक्षी उम्मीदवार राज नारायण ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनाव को भ्रष्ट आचरण और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के आधार पर चुनौती दी, देश की अर्थव्यवस्था मंदी के दौर से गुजर रही थी, जिससे जनता में असंतोष बढ़ता जा रहा था, देश पहले से ही आर्थिक बदहाली, महंगाई और खाद्यान्न संकट से जूझ रहा था, बिहार और गुजरात में छात्रें के नेतृत्व में नवनिर्माण आंदोलन खड़ा हो चुका था। 8 मई 1974 को जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में ऐतिहासिक रेल हड़ताल ने पूरे देश को जगा लिया, इस आंदोलन को रोकने के लिए 1974 में गुजरात में इंदिरा गांधी ने राष्ट्रपति शासन लगा दिया, यही राष्ट्रपति शासन 1975 में लगने वाले आपातकाल की एक शुरुआत था, इसके साथ ही बिहार में कांग्रेस सरकार के खिलाफ असंतोष बढ़ने लगा। इधर 12 जून 1975 को कोर्ट ने इंदिरा गांधी को चुनाव में दोषी ठहराया और उन्हें 6 वर्षों तक किसी भी निर्वाचन पद पर रहने से अयोग्य करार दिया, इसके बाद राजनीतिक अस्थिरता तेजी से बड़ी जिससे घबराकर इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को आंतरिक अशांति का हवाला देकर राष्ट्रपति से आपातकाल लगा दिया, रातों–रात प्रेस की बिजली काटी गई, नेताओं को बंदी बनाया गया और 25 जून की सुबह देश की तानाशाही की सूचना रेडियो के माध्यम से दी गई।




### अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग

संविधान के अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को रौंदा गया सांसद और न्यायपालिका को अपंग बना दिया गया यह सिलसिला किसी युद्ध या बाहरी हमले से नहीं बल्कि एक व्यक्ति की कुसएँ बचाने के लिए पूरे राष्ट्र को मौलिक अधिकारों से वंचित कर दिया गया। 1975 आपातकाल की घोषणा कोई राष्ट्रीय संकट का नतीजा नहीं बल्कि एक प्रधानमंत्री की सत्ता बचाने की राजनीति थी, जिसे न्यायपालिका से मिली चुनौती से बौखलाकर थोपा गया। इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति की जो देकर अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग किया अपनी कुसएँ को बचाने की जीत थी।

### व्यवस्था को ही बनाया कठपुतली

संविधान की आत्मा को कुचलते हुए उन्होंने लोकतंत्र को एक झटके में तानाशाही में बदल दिया और पूरी व्यवस्था को ही कठपुतली बनाकर रखने का षड्यंत्र रच दिया। कार्यपालिका विधायक और न्यायपालिका सहित लोकतंत्र के तीनों स्तंभों को बंधक बनाकर सत्ता के आगे घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया, प्रेस की स्वतंत्रता पर ऐसा हमला हुआ कि बड़े–बड़े अखबारों की बिजली का काट दी गई, सेंसरशिप लगा दी गई और पत्रकारों को जेल में डाल दिया गया।

### कांग्रेस शासित राज्य में कानून व्यवस्था का हाल बेहालः भाजपा

कांग्रेस शासित राज्य में कानून व्यवस्था का हाल यह है कि वहां विरोध का दमन धार्मिक तुष्टिकरण और सत्ता का अहंकार खुलेआम दिखता है। इंदिरा इज इंदिरा एण्ड इंदिरा इज इंदिरा जैसे नारे कांग्रेस की उसे मानसिकता को दर्शाते थे, जिसके तहत इंदिरा गांधी ने देश को व्यक्ति पूजा और परिवारवाद की प्रयोगशाला बना दिया था। आपातकाल के दौरान एक परिवार को संविधान से ऊपर रखने वाली कांग्रेस आज भी राहुल, प्रियंका के ईद–गिर्द सिमटी हुई है।

### ये रहे उपस्थित

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांसद भोजराज नाग, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पुर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, पवन साहू, यज्ञदत्त शर्मा, अभिषेक शुक्ला, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, संदीप सिन्हा उपस्थित थे।

## शीतला मंदिर में ज्योति कक्षा निर्माण में समाजसेवियों ने बढ़ाया हाथ, दिए दान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

गुंण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम सलोनी के ग्रामीणों द्वारा कर्मचारी प्रकोष्ठ समाजसेवी के द्वारा अनुमानित लागत 5 लाख पचास हजार रुपये के लागत से शीतला मंदिर के ऊपर ज्योति कक्षा निर्माण हो रहा है। ग्रामवासीयों ने बताया समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा 21000 हजार रूपए की सहयोग राशि प्रदान किये है,बालोद जिला में बहुचर्चित प्लास्टिक मुक्त बनाने लगभग 40 ग्राम को थाली और गिलास उपलब्ध करा चुके हैं, कई ग्रामों में शीतला मंदिर प्रांगण में अपना दान स्वरूप अपना सहयोग लगातार दे रहे हैं। ग्रामवासी ने कहा समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ, 64 योगिनी मंदिर के संचालक नाड़ी वैदराज बीरेन्द्र देशमुख ने भी 21 हजार की राशि सहयोग प्रदान किए हैं। इन सभी का आभार व्यक्त करते है ध्वनि यंत्र, विजय साहू ने कहा उनकी सोच से ग्राम में हमेशा हरे राम हरे कृष्णा का आवाज सदा गूंजते रहेगा। कलश



कुंबज गजाधर सिंह पूर्व सरपंच एवं वरिष्ठ नागरिक वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि डोमन पड़ोटी ग्रामीण विकास समिति अध्यक्ष भूपत कुमार सिन्हा कोषाध्यक्ष लेखनाथ साहू उपाध्यक्ष बालकिशन साहू सचिन आनंद ठाकुर पूर्व सरपंच टामेश्वर सिन्हा सदस्य बीजे राम यादव, भरत सिन्हा, कुशल साहू बाबूलाल ठाकुर ढाल सिंह साहू एवं समस्त ग्रामवासी समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा के भाई खिलावन सिन्हा,बलराम सिन्हा, अमृतानंद सिन्हा रूपचंद जैन ग्राम सलोनी के शीतला मंदिर पहुंचे जहां ग्रामीणों ने स्वागत सत्कार कर आभार जताया।

## गोंड समाज ने वीरांगना रानी दुर्गावती को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

- गोंडवाना भवन में 461वां मनाया गया बलिदान दिवस
- संघर्ष और स्वाभिमान की प्रतीक: रानी दुर्गावती

गोंड समाज द्वारा गोंडवाना भवन मे 24 जून को रानी दुर्गावती की बलिदान की याद में 461वां बलिदान दिवस मनाया गया। उनकी शहादत एक प्रेरणा है और उनका साहस भारतीय युद्धकला और नेतृत्व के इतिहास में एक अमूल्य धरोहर के रूप में सदैव जीवित रहेगा।

रानी दुर्गावती का जीवन साहस, संघर्ष और नायकत्व का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने 51 युद्धों में विजय प्राप्त की और अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए बलिदान दिया। गोंडवाना की वीरांगना रानी दुर्गावती ने जुल्म के आगे झुकने से इंकार कर स्वतंत्रता और अस्मिता के लिए युद्ध भूमि को चुना और अनेकों बार शत्रुओं को पराजित करते हुए भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध रानियों में शुमार हुईं है।



ये रहे उपस्थित कार्यक्रम में डौंडी जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ौ एवं समाज द्वारा रानी दुर्गावती की आदमकद प्रतीमा की सेवा अर्जी के उपरांत पुष्प माल्यार्पण करते हुए मनाया गया।

जिसमें समीर धुर्वा मिडिया प्रभारी सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद समाज ब्लाक डौंडी सर्कल अध्यक्ष नेमसिंह नुरूटी, श्री लखन हिड़क्रो संरक्षक गोंड समाज डौंडी सर्कल, प्रदीप आंचला, लिलेश्वरी धुर्वा,गिरधर टेकाम, समस्त ग्राम प्रमुख एवं सामाजिक व्यक्ति उपस्थित रहे।

## ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रथम प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन अमापारा बालोद में 24 जून को संस्था की मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती की 60 वीं पुण्य स्मृति दिवस मनाई गई। इस अवसर पर सभी ब्रह्मावत्सो ने माल्यार्पण अर्पित कर श्रध्दा सुमन अर्पित किये। इस दौरान मम्मा की डॉक्यूमेंन्टरी फिल्म दिखाई गई।

इस अवसर पर बालोद संचालिका ब्रह्माकुमारी विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा का जन्म 1919 में अमृतसर में एक सामान्य परिवार में हुआ था। जब मातेश्वरी जी 'ओम' की ध्वनि का उच्चारण करती थीं, तो पूरे वातावरण में गहन शान्ति छा जाती थी। इसलिए वे 'ओम राधे' के नाम से लोकप्रिय हुई।



मातेश्वरी ने 24 जून, 1965 को अपने नश्वर देह का त्याग करके सम्पूर्णता को प्राप्त किया था। इस दिवस को ब्रह्माकुमारी संस्थान के देश–विदेश के भाई–बहनें 'आध्यात्मिक ज्ञान दिवस' के रूप में मना रहे है। मातेश्वरी जगदम्बा का व्यक्तित्व समस्त नारी जगत के लिए गौरव और प्रेरणा का स्त्रेत है। मातेश्वरी ने आध्यात्मिक शक्ति के द्वारा मानवता की सेवा के पथ को उस समय चुना, जब नारियों को घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होती थी।

## सहगांव स्कूल में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक व मिठाई से स्वागत कर मनाया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

शा.प्रा.व माध्यमिक शाला सहगांव में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कल्याण सिंह चुरेन्द्र के मुख्य आतिथ्य, दिलीप कुमार मेश्राम की अध्यक्षता व सोहर भुआर्य के विशेष आतिथ्य में मां शारदे की पूजा अर्चना से हुआ।



नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत कर मुंह मीठा कराया गया तथा पाठ्य पुस्तक व गणवेश प्रदान किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के संरक्षक दिलीप कुमार मेश्राम ने बच्चों को अपने माता- पिता व गुरुजनों की आज्ञा में रहकर पढ़ाई करने का आशीर्वाद दिया। अध्यक्ष प्रेमलाल निषाद ने अपने गुरुजनों पर कभी भी शंका नहीं करने तथा लक्ष्य बनाकर कार्य करने की शुभकामनाएं दी। केशर अलेन्द्र ने अपने पुत्र जतिश अलेन्द्र के जन्म दिन के अवसर पर न्योता भोज कराया। इस अवसर पर विद्यालयीन स्टाफ के. एल. चुरेन्द्र, नीलिमा राम, होमलाल पटेल, प्रीति चौहान, तथा समिति के पदाधिकारी जोहन लाल तारम, यमुना प्रसाद, भागवत कोशार्य,विजय कुमार माहला,कृपाल सिंह पिस्दा, भागवत तारम, दुलौरीन सहारा, सुरेखा यामले, लीला यादव, विभा देवांगन, मालेश्वरी, कामिनी, भगवती, गोविन्द सिंह चुरेन्द्र, देवकी, यामिनी व पालक गण उपस्थित थे। संकुल समन्वयक गिरीश कुमार निर्मोही ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक विजय पटेल ने किया।

## बिरेतरा में स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आयुष ग्राम योजना अंतर्गत आयुष ग्राम बिरेतरा में एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक संचालित हुआ। शासकीय आयुर्वेद औषधालय बिरेतरा के आयुर्वेद चिकित्सा दल द्वारा निःशुल्क त्रैमासिक स्वास्थ्य शिविर एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

धन्वंतरि भगवान की पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ भाजपा जिला महामंत्री राकेश यादव, ग्राम पंचायत बिरेतरा के सरपंच टेमन साहू, उपसरपंच नोमेश साहू, ग्राम प्रमुख चुनु राम साहू, अरुण साहू, विजय साहू, सुखित राम साहू ने किया। शिविर प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय चंद्रवंशी, डॉ. शैलेंद्र स्वर्णकार, डॉ. पूर्णिमा नायक, डॉ. गायत्री, आयुर्वेद फार्मासिस्ट दुलार दास, अरविंद ठाकुर औषधालय सेवक संगीता जोशी, पीटीएस. सेवंत यादव एवं नेत्र सहायक रविंद्र कुमार वर्मा एवं ईलान्जू, एएनएम उपस्थित होकर सहयोग किये। उक्त शिविर में कुल 149 रोगी लाभान्वित हुए, जिसमे 149 रोगियों की ब्लड प्रेशर जांच एवं 135 रोगियों की मधुमेह जांच एवं 79 रोगियों की रक्त परीक्षण एवं 89 रोगियों की नेत्र जांच की गई एवं रोगानुसार औषधि वितरण एवं आहार विहार की जानकारी दी गई। सभी को आयुर्वेद काढ़ा पिलाया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणजनों को संक्रामक रोगों से बचाव के बारे मे तथा दिनचर्या एवं ऋतुचर्या पालन के संबंध में जानकारी भी दी गई। स्थानीय स्तर पर पाए जाने वाले औषधीय पौधे जैसे वासा, नीम, तुलसी, गिलोय, अर्जुन, अदरक आदि के औषधीय प्रयोग की जानकारी दी गई।




### रामप्यारी बनी पालिका जामुल की नेता प्रतिपक्ष

**भिलाई।** जामुल पालिका के कांग्रेसी पार्षद व पूर्व उपाध्यक्ष रामप्यारी वर्मा को नेता प्रतिपक्ष और संजय देशलहरा को उपनेता प्रतिपक्ष बनाया गया। जिससे कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूती मिलेगी साथ ही पालिका में जनता की आवाज को विपक्ष मजबूती से उठा सकेंगे। नियुक्ति के बाद कार्यकर्ता मे जोश भरने कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री गुरू रूद्र कुमार थे। गुरु रुद्र कुमार ने कहा कि सबसे पहले जामुल की जनता को बधाई जो उनके लिए नव नियुक्त नेता प्रतिपक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष की नियुक्त किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## कार्यक्रम में पौधारोपण व संकल्प पत्र वितरित किया गया

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिवस पर डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भाजपा मंडल मिरऍटोला पुरूर में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को मोदी जी के 11 साल, बलिदान दिवस, आपातकाल दिवस, मन की बात, पौधारोपण के कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी और प्राप्त पत्रक एवं संकल्प पत्र वितरित किया गया। सभी शक्ति केन्द्र और बूथों में कार्यक्रम यथा शीघ्र सम्पन्न कराने के लिए आग्रह किया गया।

कार्यक्रम प्रभारी तेजराम साहू, मुख्य वक्ता त्रिलोकी साहू, यादराम साहू, मीना साहू ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद के जीवन और उनके कार्यो के संबंध में सभी कार्यकर्ताओं को बताया। कार्यक्रम के सह संयोजक हेमंत साहू, संध्या अजेंद्र साहू, उप अध्यक्ष मेहतर नेताम, सविता साहू, हेमशंकर साहू, महामंत्री राकेश सिन्हा, यदिप साहू, कोषाध्यक्ष प्रहलाद साहू, मंत्री आरती साहू, संतोषी साहू, बलराम गोटी, रायचंद साहू, भानु साहू, घनश्याम साहू, शैलेन्द्र सोरी, धर्मेंद्र साहू, मनोहर साहू, संजय साहू, अजय साहू, पोखन साहू, कमल देव, मिथलेश साहू, द्वारिका सिन्हा, भुवन साहू, गिरीश साहू, यालेश साहू, तोमेंद्र साहू, यशवन्त सिन्हा, लखन लाल, नरेश साहू, उदे साहू, रामकुमार माहर, भुनेश्वर साहू, सोसाइटी अध्यक्ष गण, शक्तिकेन्द्र संयोजक, सह संयोजक, शक्तिकेन्द्र प्रभारी, सह प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### हल्दी में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया



**लाटाबोड़।** भारतीय जनता पार्टी मंडल के ग्राम पंचायत हल्दी में बूथ क्रमांक 275 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस मनाया गया और इस अवसर पर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर उसके द्वारा दिए गए बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से क्षेत्र के जनपद सदस्य अश्वनी कुमार कटहरे ग्राम पंचायत हल्दी के सरपंच भगवत प्रसाद ठाकुर उपसरपंच कन्हैया लाल साहू बूथ अध्यक्ष जागेश्वर साहू बूथ अध्यक्ष शिव निषाद एवं ग्राम के अन्य प्रमुख गणमान्य नागरिक एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411